CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 290 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 16 मई 2024



जब विक्की ने घरवालों से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दून से बागेश्वर जा रही बस अल्मोड़ा से आगे नहीं बढ़ी

**अल्मोड़ा।** देहरादून से 30 यात्रियों को लेकर लौट रही बागेश्वर डिपो की बस अल्मोड़ा के पड्यूला बैंड में खराब होकर बीच सड़क पर खड़ी हो गई। दो घंटे बाद अल्मोड़ा से दूसरी बस भेजकर यात्रियों को भेजा गया। बुधवार को बागेश्वर डिपो की बस देहरादून से यात्रियों को लेकर अल्मोड़ा रोडवेज स्टेशन पहुंची। जलपान के बाद बस यहां से बागेश्वर रवाना हुई। आठ किमी चलने के बाद अचानक बस में खराबी आ गई और चालक ने इसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कई कोशिश के बाद भी बस आगे नहीं बढ़ सकी और यात्री परेशान रहे। दो घंटे बाद अल्मोड़ा डिपो ने दूसरी बस मौके पर भेजी जो यात्रियों को लेकर बागेश्वर रवाना हुई। इधर, अल्मोड़ा डिपो के एआरएम विजय तिवारी ने बताया कि बस में तकनीकी खराबी आने से दिक्कत हुई। यात्रियों के लिए दूसरी बस भेजी गई।

### धाम के लिए निकली रुद्रनाथ की उत्सव डोली

**चमोली।** पूजा-अर्चना के बाद आज रुद्रनाथ की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए ल्वींठी बुग्याल पहुंचेगी और 17 मई को डोली देर शाम रुद्रनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी। पंच केदार में चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को सुबह 5ः00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गुरुवार को गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर परिसर से रुद्रनाथ की उत्सव डोली अपने धाम के लिए रवाना हुई। गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से रुद्रनाथ की प्रतिमा को विधि-विधान से मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया गया। आज पूजा-अर्चना के बाद रुद्रनाथ की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए ल्वींठी बुग्याल पहुंचेगी और 17 मई को डोली देर शाम रुद्रनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी। 18 को प्रातः पांच बजे विधि-विधान से मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

# सीएम केजरीवाल बोले- मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी

**लखनऊ** — एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ के सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया और इंडिया गठबंधन की जीत का एलान किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी जी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। सुमित्रा महाजन, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी इसका उदाहरण हैं। अगले साल 17 सितंबर को मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी ने धीरे-धीरे अमित शाह के रास्ते के कांटो को दूर कर किया। वसुंधरा राजे, सुमित्रा महाजन, शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह को हटाया। अब केवल योगी ही बाधा हैं। उन्हें हटाया जाएगा। उन्हें मोदी हटाएंगे क्योंकि अपने बनाए नियम को वो नहीं तोड़ते। वरना लोग उन पर सवाल उठाएंगे। ये नियम उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को हटाने के लिए बनाए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी। राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, दिल्ली, पंजाब और बंगाल में भाजपा की सीटें कम हो रही हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा ही आरक्षण के खिलाफ रही है।

### भाजपा 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाएगी

इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है कि 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे। इस बार जनता 140 सीटों के लिए तरसा देगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में भाजपा को करारी हार मिलेगी। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ आरक्षण को बचाना होगा। हारने के बाद ये झूठ का विश्वविधालय खोलेंगे।

## जौनपुर में पीएम की जनसभा में उमड़े हजारों समर्थक

# सीएए और जम्मू कश्मीर को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

**वाराणसी** — एजेंसी



पीएम नरेंद्र मोदी आज पूर्वांचल दौरे पर हैं। आजमगढ़ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी राम मंदिर पर राजनीति कर रहे हैं। वोट बैंक के लिए हमारी आस्था पर सवाल कर रहे हैं।

जौनपुर के टीडी ग्राउंड में हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद हैं। स्टेज पर मंत्री नंद गोपाल नंदी, जौनपुर और मछलीशहर लोकसभा सीट के प्रत्याशी, खेल मंत्री गिरीश यादव व जिले के सभी भाजपा विधायक मौजूद हैं।

कांग्रेस वाले बिहार में राजद वाले उत्तर प्रदेश में सपा वाले उनके परिवार के जो मुखिया हैं वह अपने आप को यदुवंशी कहते हैं। अरे तुम कैसे आदिवासी हो यार जिसके साथ बैठे हो वह तो भगवान श्री कृष्ण को गाली दे रहा है।

आजमगढ़ में तेजी से आधुनिक सेवाएं बनाई जा रही है। मुबारकपुर का साड़ी उद्योग हो या फिर निजामाबाद की मिट्टी के बर्तन या फिर यहां का गन ऐसे हर उत्पाद को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इसलिए मैं वोकल फॉर लोकल के मंत्र को आगे बढ़ा रहा हूं। भाई और बहनों आजमगढ़ को पूर्वांचल को देश के विकास का इंजन बनाने के लिए आपका वोट बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अभी द्वारका जी के दर्शन करने गया समुद्र के अंदर जाकर के देखा। वहां अपने श्रद्धा अर्पित करने गया था। पीएम मोदी ने जनता से कहा कि मेरा एक काम करेंगे। जरा आप लोग बताएं तो मैं बोलूं। मेरा एक काम करेंगे। एक काम करना ज्यादा से ज्यादा परिवारों में जाना ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलना और कहना कि अपने मोदी जी आए थे और मोदी जी ने परिवार के सबको राम-राम कहा है। मेरा राम-राम पहुंचा देंगे? हर एक को मेरा राम-राम पहुंचा देंगे न? आपको लालगंज से हमारी बहन नीलम सोनकर को भारी बहुमत देकर संसद भेजना। आजमगढ़ वालन के पास अब भोजपुरी का साधन है। तपस्या आप लोगों के सामने है। परिवारवादी आपकी पूर्ति कीमत नहीं समझ सकते ना और दूसरा बाकी हम तो बगल में बनारस में हैं। मेरा एक और काम करेंगे। एक मतदान ज्यादा होना चाहिए। सुबह 10:00 बजे से पहले मतदान होना चाहिए।

# हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मामले में न्याय के देवता गोलज्यू से लगाई गुहार

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

**विनती**
- राज्य आंदोलनकारी पहुंचे हीरानगर स्थित मंदिर

राज्य आंदोलनकारियों ने हाईकोर्ट की शिफ्टिंग को अन्यायपूर्ण करार देते हुए गोलज्यू के दरबार में अर्जी लगा दी है। राज्य आंदोलनकारी गुरुवार को हीरानगर उत्थान मंच स्थित श्री गोलज्यू के मंदिर पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई।

उनका कहना था कि राज्य आंदोलन में कुमाऊं की बड़ी भूमिका रही है। खटीमा आदि क्षेत्रों के लोग इस आंदोलन में शहीद हो गये थे, इसके बावजूद तमाम मामलों में कुमाऊं की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद कुमाऊं से अधिकांश महत्वपूर्ण निदेशालय शिफ्ट किये गये हैं और अब हाईकोर्ट को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। राज्य आंदोलनकारियों ने गोलज्यू दरबार में अर्जी लगाते हुए कहा कि जब उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती है तो वे आपके दरबार में न्याय की गुहार लगाते हैं।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर जनमत संग्रह कराया जाना भी न्याय संगत नहीं है। उन्होंने गोलज्यू से प्रार्थना स्वीकार कर न्याय करने की विनती की है। अर्जी लगाने वालों में राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर, जगमोहन चिलवाल, दीपक रौतेला, बीना कुंवर, अनीता बर्गली, बालम सिंह बिष्ट, केदार पलड़िया आदि शामिल थे। ...संबंधित खबर पेज 4 पर



# चारधामा यात्रा: मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित

**देहरादून** — हमारे संवाददाता



चारों धामों में इन दिनों रिकॉर्ड यात्री पहुंच रहे हैं। इसके लिए पुलिस ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। वहीं आज मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए।

चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अब मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में दिशा -निर्देश जारी करते हुए कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा को लेकर कहा कि बहुत ज्यादा संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आ रहे हैं, इनके लिए सारी व्यवस्था की गई है। हम सभी प्रदेशों के मुख्य सचिव को पत्र भेज रहे हैं कि कोई श्रद्धालु अपंजीकृत वाहन में या अपंजीकृत तरीके से न आएं। बहुत सख्त जांच की जा रही है।

यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर यात्रियों के लिए भोजन, पानी, शौचालय आदि की अच्छी व्यवस्था की गई है। कहीं भी कोई भगदड़ अब तक नहीं मची है। अगर कोई ऐसी अफवाह फैलाता है तो इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएग।

# उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ की समस्याओं पर वार्ता

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ट्रांसपोर्ट संबंधित ट्रक मालिकों की कई समस्याओं पर वार्ता हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य भाजपा प्रकाश हरबोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक का आयोजन महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें पूर्व की भांति कई विषयों पर वार्ता हुई । जिसमें अभी हाल में उत्तराखंड परिवहन मंत्रालय द्वारा चालान का टारगेट अधिकारियों को दिया गया जिससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाइयो में बहुत रोष है इससे ट्रक मालिको का मानना है की भ्रष्टाचार बढ़ेगा और उत्पीड़न बढ़ेगा । प्राइवेट फिटनेस की मनमानी को देखते हुए ट्रक मालिकों में बहुत रोष है और उसको भी प्रकाश हरबोला जी के सामने अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया



। प्रदेश में फिर से पुलिस उत्पीड़न चरम सीमा पर पहुंचने लगा है इसके उपलक्ष्य में भी ट्रक मालिको ने अपनी चिंता जाहिर की और डीआईजी साहब से मिलने का प्रस्ताव बनाया। कमिश्नर साहब से अंडरलोड चलने के विषय में प्रकाश हर्बोला जी के मध्यस्थता में मिलने का प्रस्ताव बनाया गया। इसमें हमारे जो भी लंबित मामले हैं जैसे धर्म कांटे का निर्माण ओर ओवरलोडिंग रोकने के संबंध में इत्यादि पर पूर्व में वार्ता अधूरी रह गई थी जिसे पूर्ण करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बागेश्वर अध्यक्ष दिनेश बिष्ट, अल्मोड़ा अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव , प्रकाश रावल ,बृजेश तिवारी, महासचिव उमेश पांडे, गिरीश मलकानी, दया किशन शर्मा, जगत सिंह नेगी ,गोविंद मेहरा ,ललित पाठक, चामू सिंह केदार सिंह, गजानन ,संजय फर्सवान ,महावीर सिंह ,वीरेंद्र सिंह ,हरीश मेहता ,गोविंद सिंह, पंकज पल्याल, देवभूमि व्यापार मंडल प्रवक्ता हरजीत चड्ढा, भगवान मेहरा, महेंद्र सिंह ,सुभाष पांडे मौजूद रहे।

# पिंक मुहिमः महिलाओं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आशा फाउंडेशन द्वारा पिंक मुहिम महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर चली आ रही है,जो खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व बेटियों को जागरूक करने की दिशा में और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की दिशा में जो कार्य चल रहा है।

उसी क्रम में बुधवार को आशा फाउंडेशन द्वारा जिले के भीमताल ब्लाक के छोटा कैलाश के पास पिनरू ग्राम सभा में आसपास के गांव की महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का कार्य किया गया, इसमें महिलाओं को एकत्रित करने का प्रयास वहां की सीनियर समाज सेविका और बैंक सखी भागीरथी पलडिया का रहा।

इस मौके पर आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि बदलते परिवेश में महिलाओं में स्तन कैंसर और बच्चेदानी के कैंसर के केस बहुत बढ़ रहे हैं और गांव में जागरूकता के अभाव से उन्हें इस बीमारी की गिरफ्त में कब आ जाती हैं उन्हें पता ही नहीं होता। अपनी इस मुहिम के तहत वह गांव गांव में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्तन कैंसर में स्वयं परीक्षण कैसे किया जाए उसका विस्तार से जानकारी देती हैं क्योंकि आज भी हमारे समाज में कुछ विषयों पर आज भी बात करना वर्जित माना जाता है इसीलिए अध्यक्ष आशा शर्मा ने यह मुहिम चलाई और ग्रामीण क्षेत्र में दूर दराज के गांव में जाकर उनको जागरूक करती हैं। बच्चेदानी के कैंसर से बचाव के लिए साफ सफ ाई की जानकारी के साथ-साथ उनको कपड़े से बने रियुसैबल पैड्स उपलब्ध करवाती हैं जोकि पूर्णतया उनकी तरफ से फ्री वितरित की जाती हैं।

इन पैड्स की लाइफ लगभग दो से ढाई साल तक होती है और आसानी से इस्तेमाल की जा सकती हैं। उनका कहना है की इन पैड्स के इस्तेमाल से वह बाजार की पैड्स से होने वाले पर्यावरण के प्रदूषण को बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती हैं ।जिसे प्रकार महिलाएं बहुत खुश है और महिलाओं का कहना है की आज तक इस विषय पर कभी किसी ने इतना खुलकर बात नहीं किया है और ऐसी सामग्री के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं जिससे वह अपना ध्यान रख सके।

पिनरू ग्राम सभा में लगभग 70 महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ उनका रीयूएसएबल पेड्स वितरित किए गए वही अपनी पिक मुहिम के तहत बुजुर्ग महिलाओं को पिंक शॉल पहनकर सम्मानित भी किया। आशा फाउंडेशन की टीम में उनके साथ बच्ची सिंह नेगी,सोनिया भारद्वाज, लीला राज तथा गौरव आदि मौजूद थे वहीं गांव में ग्राम सभा की तरफ से छोटा कैलाश मंदिर कमेटी के अध्यक्ष उमेश पलाडिया और कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा के मुताबिक अब तक उन्होंने उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र के लगभग 29 गांवों और सरकारी स्कूलों की बच्चियों को मिलाकर लगभग 4000 महिलाओं में बालिकाओं को यह रीयूएसएबल पैड्स वितरित कर चुकी हैं। आशा फ ाउंडेशन द्वारा लगातार इस महामारी से लडने् के लिए समाज से आवाहन किया जाता रहा है कि वह इस मुहिम से जुड़े और अपने-अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें ताकि हम समाज में व्याप्त इस बीमारी से लडने् के लिए मजबूत हो सके।



# ऑल इंडिया वूमेंस ने आम सभा बैठक का आयोजित की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऑल इंडिया वूमेंस कॉन्फ्रेंस की बीते रोज बुधवार को अध्यक्ष मुन्नी तिवारी के नेतृत्व में आम सभा बैठक का आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संस्था की पुरानी कार्यकारिणी के कार्यकाल में किए गए कार्यो पर विस्तार से चर्चा की गयी,उसके बाद संस्था की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से एक बार पुनः मुन्नी तिवारी को अध्यक्ष तथा ममता पांडे को सचिव चुना गया। इसके साथ ही सावित्री सनवाल को उपाध्यक्ष,गीता पांडे व प्रीति शर्मा को उप सचिव जबकि अमिता साह को कोषाध्यक्ष तो स्टेंडिग कमेटी सदस्य के रुप में मंजू कोटलिया तथा मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी तारा बोरा तथा परिषद के संरक्षक के रुप में शांति मेहरा, रेखा त्रिवेदी,डा.बिश्ना साह,डा.सरस्वती खेतवाल व विधायक सरिता आर्या को चुना गया। परिषद की कार्यकारिणी सदस्यों मे नंदिनी पंत, तारा बोरा, मीनू बुडलाकोटी, तारा बोरा,प्रीति शर्मा,रेखा पंत, नीमा पांडे, गजाला कमाल,डा.रेनू बिष्ट व नीलम जोशी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने सभी संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुझे जो दायित्व पुनः सोपा गया मैं समाज हित में संगठन को मजबूत करने में हर संभव प्रयास करूंगी इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारी और सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# उत्तराखंड में सरकारी विद्यालयों की मासिक परीक्षा का पंचांग जारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रदेश के सरकारी व अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की मासिक परीक्षा का पंचांग तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने आदेश जारी किए हैं। प्रदेश भर में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा छह से 12वीं तक छात्र-छात्राओं की प्रथम ईकाई की मासिक परीक्षा 21 व 22 मई, प्रथम ईकाई की मासिक परीक्षा कक्षा 11वीं के लिए 29 व 30 जुलाई, द्वितीय ईकाई की मासिक परीक्षा 29 व 30 अगस्त, तृतीय ईकाई की मासिक परीक्षा 28व 29 नवंबर तथा चतुर्थ ईकाई की मासिक परीक्षा 26 व 27 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। निदेशक बिष्ट की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि शासनादेश 26 जून 2019 एवं निदेशालय की ओर से दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छह से 12वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की मासिक परीक्षा संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# श्रद्धा के साथ मनाया माँ सिद्धि दात्री मंदिर का स्थापना दिवस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित माँ सिद्धि दात्री मंदिर का स्थापना दिवस बुधवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर माँ सिद्धि दात्री का भव्य शृंगार किया गया था और मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। स्थापना दिवस के मुख्य यजमान कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की उपस्थिति में मुख्य आचार्य पंडित महेश जोशी और पंडित कमल किशोर जोशी ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर हवन यज्ञ कराया। मंत्रोच्चार के साथ हुए यज्ञ में नवल किशोर बिनवाल, हरीश ढैला, जीवन सिंह रावत तथा राजेंद्र जोशी ने सपत्नीक सम्मिलित होकर आहुतियां दी।

## NEWS / फटाफट

### वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी के निधन पर शोक



**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब हल्द्वानी के पूर्व अध्यक्ष विजय तिवारी के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। साथ ही लोकलाय अखबार के माध्यम से उन्होंने जनसमस्याओं को भी उजागर करने का काम बखूबी किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी,महामंत्री रवि दुर्गापाल, कोषाध्यक्ष अजय चौहान, गोपाल जोशी, नीरू भल्ला, मोहम्मद हसनैन, कमल जोशी, सलीम खान, सरताज आलम,संजय कनेरा,सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वार्ड 28 मुख्य बाजार में फर्जी वोट बनाये जाने की शिकायत तहसीलदार से की

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार वार्ड 28 के निवासी एक युवक ने बाहरी लोगों के वोटर बनाए जाने की आंशका जताते हुए तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। वार्ड 28 मुख्य बाजार निवासी रितेश मनोचा पुत्र विजय मनोचा ने तहसीलदार को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रूद्रपुर के वार्ड 28 पूर्व सभासद द्वारा बाहरी क्षेत्र के लोगों के नाम वार्ड की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु बीएलओ पर दवाब बना रहे हैं। आरोप लगाया है कि फर्जी तरीके से लगभग 150 लोगों के नाम दर्ज कराने को एक लिस्ट भी दे रखी है ।फर्जी वोट बनाये जाने की जानकारी होने पर आपत्ति की तो हमें कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिला है। उल्टे उक्त व्यक्ति विवाद करने पर आमादा हो गया। कहा कि फर्जी बोट बन गये तो एक व्यक्ति, सम्भापित प्रत्याशी , एक ही पार्टी को एक तरफा लाभ पहुंचाने का कार्य करेगें। मनोचा ने तहसीलदार से पूर्व की मतदाता सूची को तत्काल प्रभाव से संज्ञान में रखते हुये नये बनाये जाने वाले मतदाताओं के नामों का प्रत्येक गृहवार सत्यापन उसे साथ लेकर कराने के उपरान्त ही नये मतदाओं के नाम मतदाता सूची में अकिंत किये जाये। इसके साथ ही यदि इसमें कोई भी कर्मचारी, जन प्रतिनिधि संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इधर पूर्व पार्षद ने आरोपों को निराधार बताए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

# इवल्यूशन आफ एस्टोनामी विषय पर एक प्रेजेंटेशन किया, बच्चों को दी जानकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भोपाल स्थित आर्यभट फाउंडेशन से 3 बच्चे इन दिनों नैनीताल के प्रवास पर हैं, यह बच्चे मनोरा पीक स्थित एरीज ऑब्जर्वेटरी में शीर्ष वैज्ञानिकों से खगोल विज्ञान में उच्चतर अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

बता दें कि इन बच्चों ने एक कठिन प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करके नैनीताल प्रवास का अवसर हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में 117 विद्यालयों के कुल 8323 प्रतियोगियों ने भाग लिया था जिनमें से सिर्फ 15 बच्चे अलग-अलग वेधशालाओं के प्रवास के लिए चुने गए हैं, यह प्रतियोगिता भोपाल स्थित आर्यभट फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गयी थी।

यह संस्थान अपनी सभी गतिविधियां किसी भी शासकीय सहायता व दान या अनुदान के बिना लगभग तीन दशकों से संचालित करता आ रहा है। बच्चों ने बुधवार को ऑब्जर्वेटरी के रिसर्च स्कॉलर्स के लिए एरीज के ऑडिटोरियम में इवल्यूशन आफ एस्टोनामी विषय पर एक प्रेजेंटेशन किया और रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आर्यभट टीम के एस्कॉर्ट प्रांशु कुरेल ने भी उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयन वैज्ञानिक अधिकारी कृति सोनी ने किया। यह टीम गुरुवार (आज) को सुबह देवस्थल ऑब्जर्वेटरी के लिए प्रस्थान करेगी, टीम के समन्वयक प्रांशु कुरेल ने एरीज प्रबंधन का इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया।

# पिकअप वाहन ने मासूम को मारी टक्कर, हंगामा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

तेज गति से आ रही पिकअप ने एक मासूम को टक्कर मार दी जिससे ढाई वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया फिलहाल पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप को मौके पर ही छोड़कर वहां से फरार हो गया। मंडी चौकी क्षेत्र के तीनपानी बायपास गौजाजाली बिचली में रेता बजरी का स्टॉक था पिकअप वाहन स्टॉक से रेता उठा रहा था स्टॉक के पास ही मजदूरों की अपनी झोपड़ियां बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मजदूर संदीप का ढाई वर्षीय पुत्र गणेश अपनी झोपड़ी के पास खेल रहा था इस दौरान स्टॉक में रेता उठाने गए पिकअप वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गया इधर गुस्साए लोगो ने पिकअप के साथ तोड़फोड़ कर प्रदर्शन किया और चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की सूचना मिलने पर सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश मलिक, अधीनस्थों के साथ मौके पर पहुँच गए और हंगामा कर रहे लोगो को किसी तरह से शांत कराया। सी ओ नितिन लोहनी ने बताया कि वाहन चालक शीघ्र पुलिस की गिरफ्तार में होगा बाहर हाल पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है लोहानी ने बताया कि तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## पीछे देखें

***राहुल गांधी को संविधान को फाड़कर फेंकने जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, वह सांसद हैं। लोकतांत्रिक देश में संविधान एक पवित्र ग्रंथ के समान है। संविधान से ही लोकतंत्र का अस्तित्व है। राहुल गांधी को पीछे मुड़कर देखना चाहिए। जब राहुल गांधी सिर्फ संसद सदस्य थे और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब सरकार द्वारा दागी नेताओं की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को मंजूरी के लिए भेजा गया था। राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस में उस प्रस्ताव की प्रति फाड़कर फेंक दी थी और अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री तथा सरकार का अपमान किया था।***

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को राजनीति विरासत में मिली है। बचपन से लेकर युवा अवस्था तक वह प्रधानमंत्री आवास में रहे हैं। इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं तो जन्म लेने के बाद राहुल गांधी उनकी गोद में खेले। इंदिरा गांधी उनकी दादी थीं। राहुल गांधी युवा हुए तो अपने पिता और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ राजनीति के दांवपेंच सीखते रहे। सक्रिय राजनीति में आये भी राहुल गांधी को लम्बा अर्सा हो गया है। अमेठी से तीन बार और बायनाड से एक बार सांसद चुने गये। इसलिए राहुल गांधी को नौसिखिया नहीं कहा जा सकता है। अनुभवी होने के बाद भी राहुल गांधी समय-समय पर ऐसा बयान देते हैं कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल जाता है। राहुल गांधी ने चुनाव रैली में दावा किया कि अगर भाजपा केन्द्र की सत्ता में लौटती है तो गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़कर फेंक देगी। राहुल गांधी को संविधान को फाड़कर फेंकने जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, वह सांसद हैं। लोकतांत्रिक देश में संविधान एक पवित्र ग्रंथ के समान है। संविधान से ही लोकतंत्र का अस्तित्व है। राहुल गांधी को पीछे मुड़कर देखना चाहिए। जब राहुल गांधी सिर्फ संसद सदस्य थे और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब सरकार द्वारा दागी नेताओं की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को मंजूरी के लिए भेजा गया था। राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस में उस प्रस्ताव की प्रति फाड़कर फेंक दी थी और अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री तथा सरकार का अपमान किया था। जिस समय दिल्ली में राहुल गांधी ने प्रस्ताव फाड़ा था, उस समय मनमोहन सिंह विदेश में थे। मनमोहन सिंह से पूछा गया कि उनकी क्या हैसियत है? यदि उनसे कोई समझौता किया जाये और उसे राहुल गांधी फाड़कर फेंक दें, तो क्या होगा? मनमोहन सिंह निरुत्तर रह गये थे। विदेश से लौटकर मनमोहन सिंह ने राष्ट्रपति के भवन से प्रस्ताव वापस मंगा लिया था। स्वतंत्रता के बाद भारत में किसी भी पार्टी की सरकार में ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। राहुल गांधी अघोषित सुपर प्राइम मिनिस्टर थे। राहुल गांधी कह रहे हैं कि गृहमंत्री अमित शाह संविधान को फाड़कर फेंकेंगे। भाजपा केन्द्र में दो बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य ने सरकार के किसी निर्णय के प्रस्ताव को फाड़कर नहीं फेंका है। प्रधानमंत्री मोदी ने धीर-गंभीर और शालीनता की पहचान कायम की है। उनके मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी सार्वजनिक मर्यादा का पालन करते हैं। राहुल गांधी ने संविधान को फाड़कर फेंकने की बात कहकर भाजपा को चुनाव में एक और मुद्दा दे दिया है।

# बच्चों की सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री वितरित की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लगातार चलने वाले अभियान के तहत फिर एक बार सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा बच्चों की सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरीपुर गांगू चौफला चौराहा दमुआदूंगा की प्रधानाचार्या हेमा जोशी एवं उमा जोशी, दमयंती सती, कल्पना हरड़िया, लता वर्मा की उपस्थिति में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के 30 गरीब एवं उदयमान बच्चों में वितरित की गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत, बारखड़ी एवं कविता का पाठ किया गया।

संस्थापक संयोजक नवीन पन्त द्वारा संस्था की ओर से प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षिकाओं को संस्था की तरफ से बैच लगा कर सम्मान किया गया। संस्था के *संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने स्कूल प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सारथी गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए हमेशा आगे रहा है और हम इस मुहीम के तहत लगातार प्रयास कर रहे है कि ज्यादा से ज्यादा दूरस्थ स्थानों पर भी पहुंचा जाय। इस दिशा मै भी लगातार कार्य हो रहा है जिसको लेकर संस्था लगातार बगैर रूके बगैर थकें अपने लक्ष्य में काम कर रही है।




संस्था का उद्देश्य शिक्षा रोजगार पर्यावरण को लेकर जनता के बीच में जाना और जन जागृति कर समाज में सामाजिक कार्य कर जरूरत मंदों की मदत करना है। जिसको लेकर संस्था के सभी सम्मानित सदस्यो एवं पदाधिकारीयो द्वारा समर्पित भाव से काम किया जा रहा है और जल्द ही हम सफलता प्राप्त करेंगे और अपने लक्ष्य पर विजयी होंगे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को बिस्कुट टौफी वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। कार्यक्रम मै योगेश पांडे, पनराम, कमल जोशी, दीक्ष्या पंत पांडे, पूजा पन्त, मोनिका कोठरी,शीला राणा, मंजू सनवाल, हेमा जोशी,भावना पांडे, सोना तिवारी, तनूजा टकवाल, गीता बेलवाल, बबिता टकवाल,मीना साही, आनंद आर्य, जयप्रकाश आदि की मौजूदगी रही।

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स तारा सिक्यरिटी एजेन्सी आवास-विकास कालोनी, हल्द्वानी जिला नैनीताल की भागीदारी से दिनांक 10.05.2024 से श्री रूकम सिंह धामी पुत्र स्व0 श्री सोबन सिंह धामी हट गये हैं, तथा दिनांक 10.05.2024 से श्री लोकेश सिंह धामी पुत्र नारायणसिंह धामी भागीदारी में सम्मिलित हो गये हैं। यदि उपरोक्त परिवर्तन पर किसी की कोई आपत्ति है तो वह इस विज्ञापन के प्रकासित होने से 15 दिनों के भीतर कार्यालय उपनिबंधक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स हीरानगर, हल्द्वानी में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**श्रीनारायण सिह धामी, भागीदार**

# सीबीएसई परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के वीरभट्टी स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार ने सीबीएसई द्वारा आयोजित दशम बोर्ड की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए जहां एक ओर विद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र अनंत अग्रवाल को कार पर बिठाकर बैंड बाजे के साथ जलूस निकाल गया वहीं दूसरी ओर विद्यालय की वंदना सभा में सभी मेधावियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बता दें इस विशेष सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने की। इससे पूर्व सर्वप्रथम विद्यालय में सर्वोच्च अंक लाने वाले अनंत अग्रवाल (97.8 फीसदी) को अर्द्ध वस्त्र पहनाकर और शील्ड देकर सम्मान किया गया। इसके बाद



द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अमृतांश (97.2) और फि र वैभव त्यागी (96.4) तथा कृष्णा त्यागी और रूद्राक्ष जोशी को (95.2 प्रतिशत) अंक लाने के लिए सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार कृष्णा सत्याल को (93.6)तथा मुकुल पंत और नवदीप को (91.6) प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी अपने विद्यालय का परीक्षा परिणाम उच्चतम है।

इस वर्ष विद्यालय में दसवीं कक्षा में कुल 111 छात्रों ने प्रतिभाग किया थाए जिसमें से 34 छात्रों ने 90प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त किये जबकि 54 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फिल्मी दुनिया

## जब विक्की ने घरवालों से कही थी कैटरीना से शादी करने की बात



*विक्की कौशल ने जब अपने माता-पिता को बताया था कि वह बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ से शादी करना चाहते हैं। तब विक्की की इस बात पर उनके माता-पिता ने क्या प्रतिक्रिया दी थी। विक्की कौशल बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी अदाकारी से लेकर उनके डायलॉग बोलने तक के स्टाइल को सभी पसंद करते हैं। आज विक्की कौशल अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। ऐसे में उनके फैंस उन्हें लगातार जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। विक्की के जन्मदिन पर एक पुराना किस्सा सुनाते है जब उन्होंने अपने माता-पिता को बताया था कि वह कैटरीना कैफ से शादी करना चाहते हैं, तो इस बात पर उनकी क्या प्रतिक्रिया थी। विक्की कौशल ने बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ से 9 दिसंबर 2021 में शादी रचाई थी। दोनों अपनी शादीशुदा जिंदगी में बेहद खुश हैं। 2022 में, विक्की ने खुलासा किया था कि जब उन्होंने अपने माता-पिता से कैटरीना से शादी करने के फैसले को बताया था तो उनके माता-पिता की क्या प्रतिक्रिया थी। अभिनेता ने उनकी प्रतिक्रिया को याद किया और फिल्मफेयर के दौरान बताया, वे दोनों ही बेहद खुश थे। उसे वह बहुत पसंद करते हैं। वे दोनों उस व्यक्ति से बेहद प्यार करते हैं जो वह है। आगे विक्की ने कहा, मुझे लगता है कि जब आपके दिल में अच्छाई होती है, तो यह हमेशा हर चीज में दिखाई देती है।*

### विक्की की आने वाली फिल्में

*वर्कफ्रंट की बात करें तो विक्की जल्द ही फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और रणवीर कपूर नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की फिल्म छावा में नजर आएंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की, छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की फिल्म बैड न्यूज में भी नजर आएंगे। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।*

# जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**


बुधवार देर शाम को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश न करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर बैकप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोड़ेगें। निरीक्षण के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी,मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी सिटी मनोज कत्याल,सहायक रिटर्निगं ऑफिसर मनीष बिष्ट , सीओ निहारिका तोमर आदि मौजूद थे।



# न्यायालय को नैनीताल से अन्य जगह स्थानांतरित करने पर पहाड़ को कुछ नहीं मिलेगा: कूटा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित उत्तराखंड हाईकोर्ट के शिफ्टिंग के मामले को लेकर नगर में लोगों ने अपने-अपने अलग-अलग मत देना शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने उच्च न्यायालय को नैनीताल से अन्य जगह स्थानांतरित करने के मुद्दे पर कहा है कि पहाड़ को कुछ भी नहीं मिलेगा। उत्तराखंड राज्य एक पहाड़ी राज्य है तथा राज्य की स्थापना की इस उद्देश्य से हुई थी कि पहाड़ी इलाकों को भी विकास का लाभ मिले, कहा कि यदि सब कुछ तराई के इलाकों में चला जायेगा तो पलायन कैसे रुकेगा?, उत्तराखंड राज्य स्थापना अवधारणा कैसे पूरी होगी? राज्य गठन के के 23 वर्षों में भी हम इधर की उधर कर रहे हैं। राज्य का समग्र विकास हो हल्द्वानी में एचएमटी की खाली पड़ी जगह ही एकमात्र विकल्प हो सकता है तथा बार बार स्थान बदलने से आर्थिकी में भी असर पड़ता है। कूटा ने कहा कि उच्च न्यायालय की स्थापना से ही इस इलाके का विकास भी हुआ है। यदि उच्च न्यायालय अन्य जगह शिफ्ट होता है तो पलायन भी एक बार और बढ़ेगा इसलिए सरकार से निवेदन है कि उच्च न्यायालय नैनीताल से दूसरी जगह शिफ्ट नही किया जाय। कूटा की तरफ से कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार ने यह आग्रह किया है। दूसरी ओर उत्तराखंड प्रदेश सरकार में रहे पूर्व दर्जा राज्य मंत्री तथा राज्य आन्दोलनकारी ऐडवोकेट केवल सती ने प्रेस को दिए गए अपने बयान में कहा कि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में हाईकोर्ट की ऋषिकेश में बैंच बनाना औचित्य पूर्ण नहीं है इस तरह का प्रस्ताव लाकर जनमत सर्वेक्षण करवाना कुमाऊं व गढ़वाल के लोगों के बीच परस्पर सम्बन्धों में कटुता पैदा करना है, क्योंकि हाईकोर्ट की ऋषिकेश में नई बैंच बनाने को लेकर जिस तरह से परस्पर विरोधी बयान आ रहे हैं वह उचित नहीं है। सती ने कहा कि 9 नवम्बर 2000 को जब उत्तराखंड राज्य बना था उस समय सरकार द्वारा यह तय किया गया था कि उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून यानि गढ़वाल में होगी तथा उत्तराखण्ड का उच्च न्यायालय नैनीताल यानि कुमाऊं में होगा। तब से लगातार उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल में चलते आ रहा है। नैनीताल पर्यटक स्थल होने से वादकारियों के लिए वह महंगा शहर हो रहा था इसलिए हाईकोर्ट को वहां से कुमाऊं के अन्दर ही स्थानांतरित करने की बात जरूर चल रही थी चाहे व हल्द्वानी गौलापार हो या रुद्रपुर या रामनगर होए लेकिन ऋषिकेश में बैंच बनाने की एक नई बात आ गई जो उचित नहीं है। सती ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी इसकी सत्यता पता है इसलिए उन्हें अपना मत स्पष्ट करना चाहिए तथा उक्त प्रकरण को समाप्त करवाना चाहिए जिससे कि इस सम्बन्ध में कोई बयान बाजी न हो।

## News कॉर्नर

### पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनाना जरूरी

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल में पालतू कुत्तों के शौकीन लोगों को अपने कुत्तों के लाइसेंस बनाना जरूरी है जिसके लिए नगर पालिका ने पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपने पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनवाने का अनुरोध किया है साथ ही कहा है कि अगर लाइसेंस नहीं बनाया गया तो पांच हजार का चालान व स्वामी पर मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। मामले में नगर पालिका परिषद के कार्यालय अधीक्षक शिवराज सिंह नेगी ने बताया कि हर वर्ष पालिका प्रशासन 1 जनवरी से 30 दिसंबर तक एक साल के लिए लाइसेंस बनाया जाता है। कहा कि बीते वर्ष कुल 151 कुत्तों के लाइसेंस बनाये गए थे वही इस वर्ष अप्रैल माह तक कुल 130 लाइसेंस बनाये जा चुके है। कहा कि कुत्ते का विक्सिनेशन कार्ड व स्वामी को अपना आधार कार्ड लाना होगा तभी लाइसेंस बनाया जाएगा।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के देवदार सभागार में बुधवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि अधिकांश लोग जागरूकता की कमी तथा समय के अभाव अथवा स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण नियमित जांच एवं इलाज नहीं करा पाते हैं जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने हेतु इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेंट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी के सहयोग से लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, हृदय, मौसमी बीमारियों, शुगर, ब्लड प्रेशर तथा आंख, कान, गला तथा मुख संबंधित जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

# राजस्व उप निरीक्षक को तीन वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रूपये का जुर्माना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विजिलेंस हल्द्वानी की टीम ने एक व्यक्ति की शिकायत पर रिश्वत लेते हुए राजस्व उप निरीक्षक को पकड़ा था। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण हल्द्वानी कोर्ट में चला।

विशेष न्यायाधीश ने राजस्व उप निरीक्षक को तीन वर्ष की कठोर कारावास और 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। कार्यालय सर्तकता विभाग सेक्टर हल्द्वानी के मुताबिक तरसेम सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम मैनाझुण्डी पो. नकटपुरा तहसील सितारगंज ऊधमसिंहनगर ने सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय नैनीताल सेक्टर हल्द्वानी में 27 अप्रैल 18 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने राजस्व उप निरीक्षक राम सिंह पर उसके आय प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 5500 रूपये की मांग की गयी थी।

जांच से तथ्य सही पाये जाने पर निरीक्षक पंकज कुमार उप्रेती के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया गया। ट्रैप टीम ने 1 मई 2018 को राजस्व उप निरीक्षक, राम सिंह को 55,00 रूपया रिश्वत लेते हुये स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दिए गए 55,00/- रूपये राम सिंह उपरोक्त से मौके पर ही बरामद किये थे। इस मामले में थाना सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर नैनीताल हल्द्वानी में मु.अ.सं. 4/2018 धारा 7/13 (1) डी सपठित 13(2) प्र.नि.अधि. 1988 बनाम राम सिंह पंजीकृत किया गया। विवेचक निरीक्षक संजय कुमार पाण्डे ने विवेचना उपरान्त आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया। अभियोजन की कार्यवाही के दौरान अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने कोर्ट में 11 गवाहों को परीक्षित कराया। अभियोग में पैरवी मुख्य आरक्षी सतपाल राम चिन्याल द्वारा की गयी।

अभियोग के केस आफिसर निरीक्षक हेम चन्द्र पाण्डे थे। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण हल्द्वानी नैनीताल नीलम रात्रा की अदालत ने 14 मई 24 को आरोपी राम सिंह को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 (1) (ड़) सपठित धारा 13 (2) के अपराध के लिये तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रूपये जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में छ: माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजायें साथ-साथ चलेंगी।

# रजिस्ट्री की आड़ में जमीन पर कब्जा करने का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक व्यक्ति ने जमीन की रजिस्ट्री की आड़ में भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए दंपति सहित तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सत्यनारायण मंदिर के पास शिवपुरी निवासी सुशल कुमार अग्रवाल पुत्र शिव शंकर लाल अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने 13 मई 2022 को छोटी मुखानी में रहने वाले बृज मोहन कोहली पुत्र खुशी राम कोहली से देवलचौड़ बंदोबस्ती में खरा नंबर 232 मि.रकबा 0.104 जमीन क्रय की थी। रजिस्ट्री बैनामे में खरीदी गई भूमि को मुख्य मोटर मार्ग से 91 मीटर की दूरी पर दर्शाया गया है। बृज मोहन कोहली ने 2 मई 2023 को एक अन्य रजिस्ट्री बैनामा खसरा नंबर 232 मि0 रकवा 0.112 हैक्टेयर रेखा बिष्ट पत्नी चन्दर सिंह निवासी ग्राम हल्दूचौड़ दौलिया लालकुंआ जिला नैनीताल के नाम किया गया है। वास्तविक में बृज मोहन कोहली की मूल रजिस्ट्री में मुख्य मोटर मार्ग से 18 मीटर पर दर्शाया गयी थी परन्तु रेखा बिष्ट की रजिस्ट्री में उ भूमि को मुख्य मोटर मार्ग से 200 मीटर के भीतर स्थित दर्शाया गया है। पीड़ित का कहना है कि खरीदी गई भूमि का दाखिल खारिज 1 सितंबर 2022 को उसके नाम हो चुका है और वह उस भूमि पर काबिज है जिसमें उसने बाउण्ड्री वॉल बनाकर आवासीय कमरा बनाया है। आरोप है कि रेखा बिष्ट के पति चन्दर बिष्ट ने बृज मोहन कोहली के साथ मिलीभगत कर रजिस्ट्री बैनामें में भूमि की चौहदी और मुख्य मार्ग से भूमि की दूरी को अलग-अलग दर्शाया है। रेखा बिष्ट के पति चन्दर द्वारा अपनी भूमि की रजिस्ट्री की आड़ में प्रार्थी की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि बृजमोहन कोहली, रेखा बिष्ट और चन्दर बिष्ट द्वारा जानबूझकर दस्तावेजों व रजिस्ट्री में छेड़छाड़ की गयी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सीएमओ ने काशीपुर के अस्पताल का निरीक्षण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी उदय राज सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने एलडी भट्ट चिकित्सालय काशीपुर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी सेवाओं, प्रसव कक्ष की सेवाओं को बेहतर करने तथा मरीजों तथा तीमारदारों के लिए स्वच्छ पेयजल तथा पंखे इत्यादि लगाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आदेशित किया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें और मरीजों को किसी प्रकार कोई दिक्कत न हो।

## नैना गाँव के पास जंगल क्षेत्र में आग से हड़कंप

**नैनीताल।** नगर के आसपास जंगलों में अभी भी आग का लगना जारी है बीते रोज बुधवार को रात्रि फायर स्टेशन नैनीताल को लोगों द्वारा सूचना दी गई की हल्द्वानी रोड नैना गाँव के पास जंगल क्षेत्र में आग लगी हुई है। तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए फायर कर्मी घटनास्थल पर रवाना हुए और घटनास्थल पर पहुंच कर देखा आग जंगल क्षेत्र में लगी थी और फैल रही थी जिसे फायर फाइटर्स द्वारा पंपिंग कर व वन कर्मियों के सहयोग से बुझाया गया थे।

# प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीमें गठित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**तैयारी**

● संबंधित टीमें रिपोर्ट जिला प्रशासन के समक्ष पेश करेंगी

अवैध अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन अब एक बार फिर से सख्त हो गया है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन की ओर से नगर क्षेत्र के लिए 15 टीमें गठित कर दी गई हैं। दो दिवसीय चिन्हीकरण के बाद संबंधित टीमें रिपोर्ट जिला प्रशासन के समक्ष पेश करेंगी। इसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। मामले में उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार की ओर से जारी आदेश में तीन-तीन सदस्यीय 15 टीमें गठित की गई हैं, जिसमें अधिकारी तथा कर्मचारियों को शामिल किया गया है। आदेश में कहा गया है कि 15 तथा 16 मई को संबंधित टीमें वार्ड स्तर पर सर्वे के बाद रिपोर्ट तैयार करेंगी। संबंधित रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। टीम के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह वार्ड स्तर पर निरीक्षण कर अतिक्रमण को सूचीबद्ध करेंगे इसमें अस्थाई तथा स्थाई अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से किए गए निर्माण कार्य कतई भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति का रक्तदान शिविर 18 को



**हल्द्वानी।** पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा 18 मई दिन शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शकुंतलम बैंक्वेट हॉल, रामपुर रोड में प्रात: 10:00 बजे से दिन में 2:00 बजे तक लगाया जा रहा है। ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए एवं निरंतर थैलेसीमिया के मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता को देखते हुए पंजाबी समाज ने यह फैसला लिया है। कार्यक्रम संयोजक अवनीश राजपाल ने बताया कि 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्त की एक यूनिट से चार लोगों को फायदा मिलता है जिसमें प्लेटलेट्स, पी.आर.बी.सी., डब्ल्यू.बी.सी और एफ.एफ.पी बनाई जाती है। अवनीश राजपाल ने लोगों से अपील की है कि रक्तदान महादान है इसमें सभी को बढ़चढ़कर प्रतिभा करना चाहिए। संस्था ने कैम्प में लगभग 100 यूनिट का लक्ष्य रखा हुआ है।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कैरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज में बुधवार को विद्यालय के छात्रों के उज्वल भविष्य तथा सर्वांगीण विकास हेतु कैरियर काउंसलिंग शिविर का विशेष आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में समाकसेवी एवं क्षेत्र की एक प्रमुख कैरियर काउंसलर ईशा साह ने छात्रों को विज्ञान, वाणिज्य एवं कला के बाद भविष्य मे विविध क्षेत्रों में कैरियर बनाने हेतु कई प्रकार के पाठ्यक्रमों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारियां दी तथा गरीब पृष्ठभूमि के छात्रों को विविध संस्थानों के बारे में भी बताया।

इसके साथ ही रामनगर से आए करन पवार जो कि ईएसटीसी में वर्ष 1989 से मेकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल ईआईटी में कौशल विकास तथा परामर्श प्रदान करते आ रहे हैं ने डिप्लोमा कोर्सेज तथा छात्रों के लिए न्यून शुल्क तथा बिना शुल्क के महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी दी जबकि विद्यालय के पूर्व छात्र तथा वर्तमान में अटल उत्कृष्ट एलपीजीआईसी भीमताल में शिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर अजय कुमार द्वारा खेलो के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाले छात्रों को विभिन्न संस्थानों की जानकारी दी तथा अलग- अलग छात्रवृत्तियों के बारे में बताया। अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र चौधरी थे। इस अवसर पर डा0 एस. एस. बिष्ट समेत गणेश दत्त लोहनी, ललित सिंह जीना, डा0 गौरव भाकुनी, रितेश साह,हिमांशु जोशी, आशा रौतेला, अमित पवार तथा लीला जोशी आदि उपस्थित थे।